तापमान
अधिकतम 22.0 डिग्री
न्यूनतम 7.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, गुरुवार 22 जनवरी 2026

10 पौली की छात्रा ललिता ने मिशन बुनियाद लेवल....



10 स्वयंसेविकाओं ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से राहगीर की मौत

**जींद।** गांव छात्तर तथा करसिंधु के बीच अज्ञात वाहन की टक्कर से राहगीर की मौत हो गई। उचाना थाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।गांव थुआ निवासी संदीप बीती देर शाम पैदल उचाना जा रहा था। गांव छात्तर तथा करसिंधु के बीच अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी।

### सड़क हादसे में युवक घायल, शिकायत दर्ज

**कैथल।** नेशनल हाईवे 152 पर हुए सड़क हादसे में एक युवक घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। इंदिरा कॉलोनी नरवाना के प्रदीप ने थाना कलायत पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 20 जनवरी को जब उसका भाई संदीप श्री राम होटल दुमाडा के पास से जा रहा था तो एक अज्ञात वाहन चालक ने अपने वाहन को तेज गति और लापरवाही से चलते उसे चपेट में ले लिया।

### तेज आवाज में गाने बजाने से रोका तो कर दिया हमला

**जींद।** गांव अलेवा में घर के सामने गाने तेज आवाज में बजाने को लेकर हुए झगड़े में एक पक्ष के छह लोग घायल हो गए। अलेवा थाना पुलिस ने घायल पक्ष की शिकायत पर 17 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव अलेवा निवासी नीलम ने पुलिस को शिकायत दी है।

### घर में घुस महिला के साथ मारपीट

**कैथल।** थाना कलायत पुलिस ने महिला के घर में घुसकर मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने का एक मामला दर्ज किया है। गांव बाता की निर्मला देवी ने कलाई पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 20 को व्यक्तियों द्वारा उसके साथ मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया। सब इंस्पेक्टर सुभाष ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बाइक पर लिफ्ट देकर जेवरात व नकदी छीनी

**जींद।** सफीदों से दो युवकों ने एक महिला को पहले बाइक पर लिफ्ट दी। फिर गांव हाट के निकट महिला से कानों की सोने की बाली, कोका, पांच हजार रुपये की नगदी तथा वीवो के फोन को छीन लिया और फरार हो गए। सदर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात बाइक सवार दो युवकों के खिलाफ छीना झपटी को मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नीम साहिब गुरुद्वारा में आयुष चिकित्सा कैंप कल

**कैथल।** जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ शकुंतला दहिया ने बताया कि बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में आयुष विभाग द्वारा 23 जनवरी को नीम साहिब गुरुद्वारा में निःशुल्क आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डा. अंजलि श्योकन्द को नोडल अधिकारी लगाया गया है।

### जीआरपी-आरपीएफ ने चलाया सर्च अभियान

**जींद।** गणतंत्र दिवस के चलते जीआरपी व आरपीएफ ने संयुक्त रूप से जींद जंक्शन पर सर्च अभियान चलाया। जीआरपी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जीत सिंह व आरपीएफ थाना प्रभारी कुलदीप ने कहा कि ट्रेन में कोई भी अवैध सामान या व्यक्ति दिखाई दे तो तुरंत सूचना पुलिस को दें। गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा को लेकर पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में है। इसके चलते ही जींद जंक्शन पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

### युवक मोबाइल फोन छीनकर फरार

**कैथल।** फतेहपुर से अज्ञात बाइक चालक व्यक्ति का फोन छीन कर फरार हो गया। टीक के अरुण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 20 को वह कस्बा फतेहपुर से जा रहा था अज्ञात बाइक चालक फोन छीनकर फरार हो गया।

# जुलाना रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए लगाए जाएंगे सीसीटीवी कैमरे

## डीआरएम ने किया औचक निरीक्षण, विकास कार्यों का लिया जायजा, पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था की जाएगी: त्रिपाठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना





जुलाना कस्बे के रेलवे स्टेशन का बुधवार को डीआरएम पुष्पेश रमन त्रिपाठी ने बुधवार को औचक निरीक्षण किया। डीआरएम के जुलाना पहुंचने की सूचना मिलते ही रेलवे स्टेशन पर कर्मचारियों में सतर्कता देखी गई और व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया गया। डीआरएम ने अपने निरीक्षण कार्यक्रम के तहत किनानाए जैजैवंती और जुलाना रेलवे स्टेशनों का दौरा किया तथा यात्री सुविधाओं, सुरक्षा इंतजामों और निर्माणाधीन कार्यों का जायजा लिया। जुलाना रेलवे स्टेशन पर पहुंचने पर गणमान्य लोगों ने डीआरएम का फूलमालाओं से स्वागत किया। इस दौरान कस्बे के लोगों ने डीआरएम के समक्ष जुलाना स्टेशन पर अधिक ट्रेनों के ठहराव की मांग रखी। लोगों का कहना है कि जुलाना क्षेत्र में यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है लेकिन ट्रेनों के ठहराव की कमी के कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने स्टेशन परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों को देखा और अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जुलाना रेलवे स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज का निर्माण कार्य प्रगति पर है। जिससे यात्रियों को प्लेटफार्म बदलने में सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही स्टेशन पर जल्द ही नए प्लेटफार्म का निर्माण भी किया जाएगा। जुलाना-हांसी मार्ग पर प्रस्तावित फ्लाईओवर को लेकर भी उन्होंने अधिकारियों से जानकारी ली और कहा कि इस दिशा में आवश्यक प्रक्रिया पूरी की जा रही है। डीआरएम पुष्पेश रमन त्रिपाठी ने स्टेशन परिसर में पौधारोपण भी किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जुलाना रेलवे स्टेशन का दौरा कर यह पाया गया है कि यहां कई नए विकास कार्य चल रहे हैं, जो भविष्य में यात्रियों के लिए लाभदायक सिद्ध होंगे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीआरएम ने बताया कि स्टेशन पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था की जाएगी और सुरक्षा के लिहाज से सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे ताकि यात्रियों को सुरक्षित वातावरण मिल सके।

### कॉमर्शियल सर्वे के बाद रूकेंगी ट्रेन

जुलाना रेलवे स्टेशन पर पहुंचे डीआरएम ने कहा कि जुलाना रेलवे स्टेशन का पहले कॉमर्शियल सर्वे कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि यात्री नियमित रूप से टिकट खरीदकर यात्रा करेंगे तो ट्रेनों के ठहराव की सुविधा भी दी जाएगी।

# विदेश भेजने के नाम पर 46.30 लाख रुपये ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिले में विदेश भेजने के नाम पर दो अलग-अलग जगहों से 46.30 लाख रुपए ठग लिए। एक मामले में पूंडरी के व्यक्ति से शहर के नीम साहिब गुरुद्वारा में बुला रुपए लिए। जबकि दूसरे मामले में एजेंटों ने कनाडा का डुप्लीकेट वीजा दे रुपए की ठगी की। यही नहीं एजेंटों ने पूंडरी निवासी युवकों को ऑस्ट्रेलिया की बजाय पहले बैंकॉक और फिर मलेशिया भेजा दिया। मलेशिया में भूखा व प्यासा रखा और मारपीट भी की। दोनों ही मामलों में पुलिस ने 5 एजेंटों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

सिटी थाना पुलिस को दी गई शिकायत में पूंडरी निवासी गुरदयाल सिंह ने बताया कि उसका बेटा विक्रम व पूंडरी निवासी दोस्त दोस्त हर्ष पढ़ाई पूरी करने के बाद आस्ट्रेलिया जाना चाहता था। इसी दौरान मामा रेशम सिंह व उसके एक जानकार खजान सिंह के माध्यम से मार्च 2025 में गांव नागल निवासी आरोपी संदीप व गांव रामथली निवासी सुरेंद्र से मुलाकात हुई। आरोपियों ने बताया कि वह लोगों को विदेश भेज वहां सैटल करने का काम करते है। इसके बाद दोनों आरोपियों ने आश्वासन दिया कि वे दो महीने में बेटे व उसके दोस्त का आस्ट्रेलिया का वीजा लगवा देंगे व वहां सैटल भी करवा देंगे। आरोपियों ने कहा कि हमारी अच्छी जान पहचान है। फिर वीजा लगवाने के लिए आरोपियों ने 45 लाख रुपए की मांग की। इसके बाद यह बात तय हुई कि सारी पेमेंट वीजा लगने के बाद देनी होगी। इसी आश्वासन पर सहमति देते हुए अपने बेटे विक्रम व उसके दोस्त हर्ष का पासपोर्ट सहित अन्य दस्तावेज आरोपियों को नीम साहब गुरुद्वारा में दे दिए। इसके बाद आरोपी 12 जून 2025 को बेटे विक्रम व उसके दोस्त हर्ष के साथ दिल्ली चले गए। उन्हें पहाडगंज में एक होटल ठहराया और वहां 18 लाख रुपए की मांग की।

### दंपति को कनाडा भेजने के नाम पर डुप्लकेट वीजा दिया

दूसरे मामले में सीवन में एक दंपती को कनाडा भेजने के नाम पर डुप्लकेट वीजा दे 14.50 रुपए ठग लिए। सीवन थाना पुलिस को दी गई शिकायत में डेरा दाबन सीवन निवासी गुरशरण कौर ने बताया कि करीब 2 साल पहले उनके पड़ोस के बिजेंद्र ने उसे कहा कि वह एक एजेंट को जानता है। वह उसका व उसके पति का कनाडा का वीजा लगवा देगा। इसके बाद बिजेंद्र ने उनके सारे दस्तावेज ले लिए और उनको पानीपत के रवि राणा से मिलवाया। रवि ने उनको आगे उमरपाल नाम के व्यक्ति से मिलवाया। इसके लिए आरोपियों ने उनसे 20 लाख रुपए मांगे। आरोपियों ने उनसे अलग-अलग समय में 14.50 हजार रुपए ले लिए। जल्द ही उनको विदेश भेजने की बात कही। आरोपियों ने रुपए लेकर कहा कि एक जून 2024 को उनकी फ्लाइट है। वे फ्लाइट लेने के लिए दिल्ली पहुंचे तो पता चला कि एजेंट रवि व बिजेंद्र ने जो वीजा दिया है, वह डुप्लीकेट है।

## एसडीएम को झुनझुना देने के प्रयास का मामला गर्माया, पूर्व सैनिकों ने चेताया

# जल्द माफी मांगें विधायक हंस नहीं तो गांवों में नहीं घुसने देंगे

### सद् बुद्धि दिलाएने के लिए आदित्य और विकास से मिलेंगे आज पूर्व सैनिक

उपयुक्त और जिला पुलिस अधीक्षक को सौंपे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** गुहला विधायक देवेंद्र हंस के खिलाफ ज्ञापन सौपते पूर्व सैनिक ।

पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल ने हल्का गहुला विधायक देवेंद्र हंस द्वारा एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह को झुनझुना देने के प्रयास के आरोप में प्रदर्शन किया। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष जगजीत फौजी ने इसे सोची समझी नीति के अनुसार एक ओछी व असहनीय हरकत करार दिया। प्रदर्शन के दौरान एसोसिएशन प्रधान जगजीत फौजी ने बताया कि जो ओछी हरकत विधायक ने की इसमें पूर्व सैनिकों व पूरा सैनिक समाज में बहुत भारी रोष है। इसे लेकर यदि जल्द ही विधायक ने माफी नहीं मांगी तो यहां पर ही नहीं, पूर्व सैनिक राज्य स्तर व नेशनल स्तर पर भी धरना देंगे और आज ये वीडियो नेशनल लेवल तक पूर्व सैनिकों के पास में पहुंच चुकी है। साथ ही उपयुक्त अपराजिता व जिला पुलिस अधीक्षक उपासना को भी ज्ञापन सौंपे गए। इस बारे दोनों अधिकारियों से इस विषय पर संतोषजनक बातचीत हुई इस बारे उपायुक्त महोदय ने थोड़ा समय मांगा, जो पूर्व सैनिकों ने दिया। इस बारे वे वीरवार को कैथल विधायक आदित्य सुरजेवाला और कलायत विधायक विकास सहारण से भी मिलेंगे क्योंकि हमारे ये दोनों विधायक भी कांग्रेस पार्टी से है जिससे कि देवेंद्र हंस है क्योंकि वो अपने उच्च पदाधिकारी को कहकर इन को थोड़ी सद् बुद्धि दिलाए। इस रोष प्रदर्शन में जगदीश कुमार गुलियाना, कैप्टन रवि दत्त शर्मा, एयरमैन एक्स सर्विसमैन हरियाणा के राज्य प्रधान धर्मवीर ने भी गहरा रोष जताते खड़े शब्दों में निंदा की और विधायक को कहा कि वो या तो जल्दी माफी मांगे नहीं तो, ये मत भुलना कि हर गांव में पूर्व सैनिक व सैनिक परिवार रहते हैं, आप गांव में भी घुसने के चोर हो जाओगे। इस मौके पर एचएसओ भीम सिंह गिल, एचएफओ महेंद्र सिंह राजराणा वायु सेना ,लेफ्टिनेंट मेघ सिंह राणा, सीपीओ सत्यनारायण, पो ओ राजवीर नौसेना, थल सेना की ओर से सूबेदार मेजर रामफल चहल ,कैप्टन मुख्तार जांगड़ा, कैप्टन बलजीत मोर मौजूद रहे।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर सार्जेंट लाजपत राय, हवलदार अभे सिंह,हवलदार मांगेराम शर्मा, कैप्टन सुजान सिंह, सूबेदार ज्योति राम, हवलदार राजवीर सिंह , सूबेदार धर्मवीर ढुल,कैप्टन अभे सिंह भनवाला, कैप्टन बसंत राम, हवलदार रामफल कुंडू,हवलदार राममेहर सिंह, रिसालदार कर्मवीर भाल,सूबेदार मेजर तिलक राज,सूबेदार रामचंद्र, हवलदार राजपाल ,एस ओ सतबीर सिंह आदि शामिल हुए।

### सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप

**कैथल/गुहला।** बीडीपीओ कार्यालय परिसर में दुकान निर्माण को लेकर हुए विवाद के बाद एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने गुहला-चीका विधायक देवेंद्र हंस व उनके साथ आए अन्य लोगों के खिलाफ पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत दी है। एसडीएम ने आरोप लगाया है कि विधायक व उनके समर्थकों ने सरकारी कार्य में बाधा डाली, उन्हें डराया-धमकाया और सार्वजनिक रूप से अपमानित किया। उन्होंने मामले में एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। एसडीएम ने अपनी शिकायत में बताया कि बीडीपीओ कार्यालय परिसर में दुकानों का निर्माण कार्य चल रहा था, जिस पर कुछ लोगों ने भ्रष्टाचार और अनियमितता के आरोप लगाए थे। इन आरोपों के मद्देनजर मामले की निष्पक्ष जांच करवाई गई, जिसमें दस्तावेजों के आधार पर दुकान निर्माण कार्य को नियमानुसार सही पाया गया। शिकायत के अनुसार, 19 जनवरी को दोपहर करीब 1.50 पर गुहला-चीका विधायक देवेंद्र हंस बदसूई निवासी हरदीप सिंह, चीका निवासी दीपक शर्मा, जगजीत सिंह, हर्ष गर्ग सहित अन्य लोगों के साथ दुकानों के निर्माण के मामले को लेकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे। इस दौरान एसडीएम कार्यालय परिसर में नारेबाजी की गई और उन्हें डराने व धमकाने का प्रयास किया गया। एसडीएम ने आरोप लगाया कि हरदीप सिंह ने अपने कपड़ों में छिपाया हुआ एक खिलौना विधायक को दिया, जिस पर विधायक ने कथित रूप से मजाक उड़ाते हुए कहा कि एसडीएम प्रशासनिक कार्य करने में अक्षम हैं और उन्हें खिलौनों से खेलना चाहिए। साथ ही विधायक व उनके साथ आए लोगों द्वारा एसडीएम और हरियाणा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई, जिससे सार्वजनिक व्यवस्था भंग होने की स्थिति उत्पन्न हो गई।

### पिहोवा में ऐतिहासिक कार्यक्रमों में भाग लें नागरिक : एडीसी

**जींद।** अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार ने बताया कि हरियाणा सरस्वती विकास धरोहर बोर्ड द्वारा कुरुक्षेत्र जिले के उपमंडल पिहोवा में स्थित पावन सरस्वती तीर्थ पर अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जो 25 जनवरी 2026 तक चलेगा। इस महोत्सव का शुभारंभ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा 19 जनवरी को आदि बद्री से किया गया है। उन्होंने बताया कि पिहोवा के सरस्वती तीर्थ पर आयोजित यह सात दिवसीय महोत्सव हमारी प्राचीन सांस्कृतिक विरासतए सभ्यता और सरस्वती नदी के ऐतिहासिक महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। महोत्सव के दौरान धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।



**जींद।** मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते वरिष्ठ नागरिक। फोटो :हरिभूमि

### पूरा किराया वसूलने पर जताया रोष


**जींद।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने मांगों को लेकर ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। जिसमें निजी बस संचालकों द्वारा वरिष्ठ नागरिकों से पूरा किराया वसूलने और दुव्यवहार करने पर रोष जताया गया। रिटायर्ड कर्मचारी संघ जींद की ओर से शिष्टमंडल में विक्रम सिंह, छज्जूराम नैन, आजाद पांचाल, राजकुमार श्योकंद, दिलबाग सिंह, महेंद्र सिंह बिश्नोई, राजकरण शर्मा व दिलबाग श्योकंद तथा ज्ञान विज्ञान समिति की ओर से जिला प्रधान सोहनदास शामिल रहे। ज्ञापन में बताया गया कि आए दिन निजी बस संचालकों द्वारा वरिष्ठ नागरिकों से पूरा किराया वसूल करने की तथा धक्का मुक्की करने की घटनाएं सामने आ रही हैं। जो कि गलत है और यह सरकारी आदेशों का उल्लंघन भी है। जिसमें वरिष्ठ नागरिकों से आधा किराया ही वसूलने का प्रावधान है।

## अवैध गतिविधि पर अंकुश लगाने के लिए वाहनों की चेकिंग लगातार जारी

- गणतंत्र दिवस को लेकर जुलाना पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

गणतंत्र दिवस को लेकर जुलाना पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गई है। राष्ट्रीय पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और गरिमामय ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलेभर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस की निगरानी बढ़ा दी गई है। वहीं नियमित गश्त को तेज कर दिया गया हैं। जुलाना में किसी भी तरह की अवैध गतिविधि पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार वाहनों की चैकिंग की जा रही है। इसके साथ ही जिले के जींद रोहतक बॉर्डर पर प्रवेश करने वाले वाहनों की भी गहन चेकिंग पुलिस द्वारा की जा रही है। रात्रि गश्त को और मजबूत किया गया है। पीसीआर, राइडर और ईआरवी यूनिट्स को हाई अलर्ट पर रखा गया है। जुलाना थाना प्रभारी विक्रम जोसन ने बताया कि गणतंत्र दिवस को लेकर आने जाने वाले वाहनों पर पैनी नजर पुलिस द्वारा रखी जा रही है ताकि क्षेत्र में कोई अप्रिय घटना ना घटे, जिसके चलते मंगलवार श्याम पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान शुरू किया गया है।



**कैथल।** बालू और सारण की तरफ जाने वाले मार्ग पर लगा बिजली का पोल।

### बिजली का पोल दे रहा हादसों को न्योता

**कैथल।** कैथल जिले के गांव कैलरम में बालू और सारण की तरफ जाने वाले मार्ग पर लगा बिजली का पोल धुंध के समय ग्रामीणों को बहुत परेशान कर रहा है। किसी अंजान व्यक्ति के लिए इस सड़क पर हादसे का भी डर बना रहता है। ग्रामीण बिजली विभाग के कर्मचारियों से कई बार मांग कर चुके हैं कि पॉल को इस जगह से शिफ्ट किया जाए, ताकि हादसों से भी बचा जा सके और लोक निर्माण विभाग द्वारा जो 20 से 30 मीटर का टुकड़ा अधर में बिना निर्माण के छोड़ा हुआ है, उसका निर्माण पूरा हो सके। अभी हालात ये हैं कि बार-बार कहने के बावजूद भी ना तो खंभे की शिफ्टिंग हुई है, और इसी वजह से न यहां लोक निर्माण विभाग सड़क के टुकड़े का निर्माण कर रहा है।

## सीएमओ ने किया नागरिक अस्पताल का निरीक्षण

# लाइटिंग को लेकर मिली खामी, दूर करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल मेंबुधवार को सीएमओ डा. सुमन कोहली ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने जहां रेनोवेशन कार्य की जांच की वहीं बाथरूम में जाकर खुद टूंटियों को चला कर देखा। इसके साथ ही पुरानी बिल्डिंग में वार्ड में जाकर साफ-सफाई व्यवस्था को जांचा और अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरा उनके साथ कार्यवाहक प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया, डिप्टी सीएमओ डा. पालेराम कटारिया, डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल, वरिष्ठ डेंटल सर्जन डा. दिनेश व अन्य स्वास्थ्य स्टाफ मौजूद रहा। पुरानी बिल्डिंग के रेनोवेशन कार्य से हुई निरीक्षण की शुरूआत नागरिक अस्पताल में सीएमओ डा. सुमन कोहली ने बुधवार को नवीनीकरण का जायजा लिया और रिपेयर वर्क को भी देखा। यहां बाथरूम और टॉयलेट को लेकर जो समस्याएं हैं, उनको जांचने का काम किया गया। सीएमओ ने खुद बाथरूम में जाकर जांच की और टूंटियों को चला कर देखा। यहां सबकुछ सही मिला। सीएमओ ने यहां कहा कि बाथरूम को लेकर बार-बार संबंधित अधिकारियों को पत्र लिख कर प्रायोरिटी बेस पर इसे शुरू करवाया गया है।



**जींद।** अधिकारियों से जवाब-तलबी करते हुए सीएमओ। फोटो :हरिभूमि

### उपचार के लिए नहीं आने दी जाएगी परेशानी

सीएमओ डा. सुमन कोहली ने कहा कि अस्पताल के निरीक्षण में जो छोटी-मोटी कमियां मिली हैं, उन्हें ठीक करवा दिया गया है। शौचालयों को उन्होंने जांचा है और इनकी नियमित सफाई हो रही है। अगर शौचालयों को बंद होने की सूचना मिलती हे तो इसकी जांच करवाई जाएगी। वहीं लैब में रिजेंट को लेकर रेग्यूलर खरीदने का प्रोसस है और वो खरीदें भी जा रहे हैं। टैस्टिंग को लेकर आमजन को परेशानी नही आने दी जा रही है। वहीं कुछ खामियां जो सामने आई हैं, उसके लिए दो दिन का समय दे दिया गया है। मरीजों को उपचार के लिए किसी तरह की परेशानी नही आने दी जाएगी।

# हाइड्रोजन ट्रेन के ट्रायल को लेकर टेस्टिंग लगातार जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हाइड्रोजन ट्रेन के ट्रायल को लेकर टेस्टिंग लगातार जारी है। पिछले दिनों हुई ठंड के कारण गैस में नमी हो गई थी। जिसके सैंपल अब तीन सिलेंडर भरकर जांच के लिए भेजे गए हैं। इंजन में भरी गई हाइड्रोजन गैस को भी खाली कर दिया गया है। इसके अलावा बाहर से भी नई हाइड्रोजन गैस मंगवाई गई है। उम्मीद है कि ट्रायल इसी माह के अंत में या फिर फरवरी माह के शुरुआत में हो सके। इसके साथ ही स्पेन से भी एक कर्मचारी जांच के लिए आया हुआ है। वहीं अभी चेन्नई से तकनीकी टीम जींद नहीं पहुंची है। चार टेंकर गैस मंगवाए जाने हैं। वहीं सबमर्सिबल के पानी की रिपोर्ट आने का भी इंतजार है। पिछले सप्ताह पीसीएमई (प्रिंसिपल चीफ मैकेनिकल इंजीनियर) डिंपी गर्ग टीम के निरीक्षण के बाद हाइड्रोजन प्लांट में टेस्टिंग के काम में तेजी आई है। ऐसे में अब उम्मीद है कि जल्द ही हाइड्रोजन ट्रेन ट्रेक पर होगी और यात्री इसका लाभ उठा सकेंगे। एक जनवरी को ट्रेन दिल्ली से सोनीपत पहुंच गई थी। इसके बाद लखनऊ से विशेष कोच में केबल का सामान पहुंचा था। ट्रायल के दौरान काफी खामियां आ रही थी।

## खबर संक्षेप

### जींद: रेडक्रास भवन में रक्तदान शिविर आज

**जींद।** युवा विकास समिति द्वारा रैडक्रास भवन में वीरवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें मुख्य अतिथि एडीसी प्रदीप कुमार शिरकत करेंगे। रैडक्रास के सचिव रामजीलाल इसकी अध्यक्षता करेंगे। समिति महासचिव विनोद शर्मा और संयोजक प्रवीण सैनी ने बताया कि रक्तदान शिविर के साथ-साथ में स्वस्थ चेकअप कैंप भी होगा।

### पुलिसकर्मियों ने किया सूर्य नमस्कार

**जींद।** एसपी कुलदीप सिंह के निर्देशानुसार थाना शहर जींद, थाना शहर सफीदों, थाना अलेवा महिला थाना जींद व डिटेक्टिव स्टाफ जींद में सूर्य नमस्कार अभ्यास कार्यक्रम किया। सभी ने सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार का अभ्यास करते शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाया। कार्यक्रम के दौरान सूर्य नमस्कार की सही विधि, विभिन्न चरणों व नियमित अभ्यास से होने वाले मानसिक, शारीरिक आत्मिक लाभ के बारे में जानकारी दी गई।

### संदिग्ध हालात में दो युवतियां लापता, केस

**जींद।** अलग-अलग स्थानों से दो युवतियों के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। गांव करसिंधु निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बहन गत दिवस घर से गायब हो गई। वहीं गांव घोघडिया निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी बेटी घर से गायब हो गई।

### धर्म का जीवन में होना बहुत जरूरी: विधायक

**उचाना।** भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने राजस्थान के सालासर धाम पहुंच कर परिवार के साथ पूजा-अर्चना की। देश, प्रदेश, क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना भगवान से की। विधायक ने कहा कि निरंतर वो परिवार के साथ सालासर धाम जा पूजा-अर्चना करते है। धर्म का जीवन में होना बहुत जरूरी होता है। धर्म से ही मन में करूण पैदा होती है।

### खंड स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित

**उचाना।** फैडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन उचाना द्वारा आयोजित खंड स्तरीय शैक्षणिक प्रतियोगिता में अशोका विद्या मंदिर खटकड़ के विद्यार्थियों ने प्रशंसनीय प्रदर्शन किया। 10वीं कक्षा की छात्रा प्रीत पुत्री जगजीत ने प्रतियोगिता में तीसरा, ज्योति पुत्री कृष्ण ने 9वां स्थान प्राप्त किया। 8वीं कक्षा की छात्रा नीशु पुत्री सुभाष, शिक्षा पुत्री अमरजीत, 5वीं कक्षा के छात्र अंशु पुत्र संदीप ने प्रथम दस प्रतिभागियों में स्थान प्राप्त किया।

### विद्यार्थी योग को नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाएं

**उचाना।** राजकीय वमावि भौंगरा में योग प्रशिक्षक कुलदीप श्योकंद ने विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार का प्रशिक्षण दिया। प्राचार्य प्रवेश खापड़ा ने योग के महत्व के बारे में विस्तार से बताते कहा कि योग को विद्यार्थी नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाए। योग करने से दिमाग तनाव मुक्त रहता है। इस मौके पर बिजेंद्र पीटीआई, नरेश कुमार, मा. रामप्रसाद, इंदिरा आदि मौजूद रहे।

### पहला माता भ्रामरी मंगलपाठ आज

**उचाना।** 22 जनवरी को उचाना के फायर ब्रिगेड कार्यालय के पास अतिरिक्त मंडी में पहला विशाल माता भ्रामरी मंगलपाठ एवं संकीर्तन होगा। इसको लेकर बीते कई दिनों से तैयारी जोरों पर है। मुख्य अतिथि के तौर पर समाज सेवी सतपाल गोयल, मुख्य सहयोगकर्ता समाज सेवी सुरेंद्र जैन पहुंचेंगे। प्रमुख कलाकार पं. रमेश कौशिक बनभौरी धाम मंगलपाठ वाचक पं. सोनू कौशिक बनभौरी धाम होंगे।

### नपा में अलग-अलग वार्डों की एरिया सभा

**उचाना।** नगर पालिका में अलग-अलग वार्डों की एरिया सभा आयोजित हुई जो तीन दिनों तक चलेगी। नपा सचिव अशोक डांगी ने बताया कि नपा एरिया में 13 एरिया सभा बनाई गई है। हर वार्ड की 1-1 एरिया सभा है। एरिया सभा में सेक्रेटरी, सदस्य होंगे। सदस्य जो वार्ड की आबादी है वो है।

## 29 व 30 दिसंबर को हुआ था सेंसस ग्रुपिंग असेसमेंट

# सी कैटेगरी वाले 93 स्कूलों से निम्न स्तर के मूल कारणों की रिपोर्ट मांगी

पिछली बार की तुलना में इस बार परिणाम में हुआ सुधार

### सी कैटेगरी में सबसे ज्यादा 32 जींद व 30 स्कूल नरवाना ब्लाक के

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले के 423 प्राथमिक विद्यालयों में पहली से तीसरी कक्षा के विद्यार्थियों का 29 व 30 दिसंबर को दो दिवसीय सेंसस ग्रुपिंग असेसमेंट हुआ था। इसमें से 93 स्कूल सी कैटेगरी में शामिल आए हैं। ऐसे में सी कैटेगरी वाले स्कूलों से निम्न स्तर के मूल कारणों का विश्लेषण कर रिपोर्ट मांगी है। जो 93 स्कूल सी कैटेगरी में आए हैं, उनमें सें सबसे ज्यादा 32 स्कूल जींद ब्लाक और 30 स्कूल नरवाना ब्लाक के हैं। वहीं जो स्कूल ए कैटेगरी में आए हैं, उनमें से 40 स्कूल जुलाना ब्लाक, 39 स्कूल जींद ब्लाक और 37 स्कूल उचाना ब्लाक के शामिल हैं। हालांकि पिछली बार की तुलना में इस बार परिणाम में सुधार हुआ है। दूसरी कक्षा में 74.5 प्रतिशत की जगह अब 82.8 प्रतिशत और तीसरी कक्षा में 65.9 प्रतिशत की जगह 78ण्1 प्रतिशत विद्यार्थी निपुण बने हैं। असेसमेंट में विद्यार्थियों से हिंदी भाषा के वर्ण, शब्द, वाक्य एवं अनुच्छेद पठन अनुसार का



जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय।

### विद्यार्थियों की विषयों पर पकड़ मजबूत बनाना लक्ष्य

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह ने कहा कि दिसंबर माह के अंत में दो दिवसीय सेंसस ग्रुपिंग असेसमेंट हुआ था। जिसमें से 93 स्कूल सी कैटेगरी में शामिल हैं। सी कैटेगरी वाले स्कूल मुखियाओं से स्पष्टीकरण मांगा गया है ताकि मूल कारणों को पता कर उनके परिणाम में सुधार किया जा सके। निपुण हरियाणा के तहत असेसमेंट सर्वे का मुख्य उद्देश्य छात्रों की विषयों पर पकड़ मजबूत बनाना है ताकि वे आगे चलकर शिक्षा में अच्छा प्रदर्शन कर सकें।

| ब्लाक का नाम | कुल स्कूल | ए कैटेगरी वाले स्कूलों की संख्या | बी कैटेगरी में शामिल स्कूल | सी कैटेगरी में शामिल स्कूल |
|---|---|---|---|---|
| अलेवा | 29 | 11 | 14 | 4 |
| जींद | 105 | 39 | 34 | 32 |
| जुलाना | 58 | 40 | 11 | 7 |
| नरवाना | 72 | 14 | 28 | 30 |
| पिल्लूखेड़ा | 35 | 16 | 13 | 6 |
| सफीदों | 59 | 24 | 25 | 8 |
| उचाना | 65 | 37 | 22 | 6 |

आकलन किया गया था। वहीं गणित विषय के संख्या पहचान, जोड़, घटाव व गुणा जैसे सवालों से आंकलन गया। जींद जिले में पहली कक्षा में 5607ए दूसरी कक्षा में 5039 व तीसरी कक्षा में 5056 विद्यार्थी हैं। दूसरी कक्षा में 74ण्5 प्रतिशत बच्चे एक्सीलेंट श्रेणी में हैं। 87 प्रतिशत विद्यार्थी विद्यार्थी गणित में निपुण बने हैं। हिंदी में पत्र लेखन में पिछली बार की अपेक्षा इस बार 91 प्रतिशत विद्यार्थी निपुण बने हैं। शब्द लेखन में 74 प्रतिशत की जगह 83 प्रतिशतए वाक्य पढने में 61 प्रतिशत की जगह 75 परिणाम आया है। वहीं गणित विषय में अंक पढने में 73 प्रतिशत की जगह 84.2 प्रतिशत, एक अक्षर के जोड़ करने में 75 की जगह 86 प्रतिशत विद्यार्थी निपुण बने हैं। वहीं तीसरी कक्षा में पत्र लेखन में 89 की जगह 92.1 प्रतिशत, शब्द लेखन में 79 की जगह 82.7 प्रतिशत, वाक्य पढने में 72 की जगह 81.1 प्रतिशत विद्यार्थी निपुण बने हैं। गणित विषय में अंक पढने में 82 की जगह 92 प्रतिशत, एक अक्षर के जोड़ करने में 74 की जगह 86ण्3 प्रतिशत और दो संख्या का जोड़ करने में 74 की जगह 86.3 प्रतिशत और दो अंकों की घटा में 62 प्रतिशत की जगह 79 प्रतिशत विद्यार्थी निपुण बने हैं। विभाग का मानना है कि साक्षरता और गणनात्मक कौशल में यह सुधार न केवल विद्यार्थियों की बुनियादी शिक्षा को मजबूत कर रहा है बल्कि भविष्य की शैक्षणिक गुणवत्ता की दिशा में भी एक सशक्त कदम है।

# बसंत पंचमी मां शारदे के वंदन का पर्व और भारतीय ज्ञान परंपरा का उत्सव : सुदेश शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



■ देवी मां सरस्वती की आराधना का पावन पर्व बसंत पंचमी 23 को

ऋतुराज बसंत के आगमन का प्रतीक और विद्या, कला व बुद्धि की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की आराधना का पावन पर्व बसंत पंचमी 23 जनवरी 2026 को पूरे उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। ज्योतिष विशेषज्ञ एवं शक्ति राइज ग्लोबल फाउंडेशन संचालक एडवोकेट सुदेश शर्मा ने कहा कि यह दिन केवल ऋतु परिवर्तन का संदेश नहीं देता बल्कि हमारी भारतीय ज्ञान परंपरा के पुनर्जागरण और चेतना का प्रतीक है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार आज के दिन ही ब्रह्मा जी के मानस से ज्ञान की देवी मां सरस्वती का प्राकट्य हुआ था। मां के हाथों में स्थित वीणा जीवन में सामंजस्य और संगीत का, पुस्तक निरंतर अध्ययन का और माला सात्विक चिंतन का प्रतीक है। आज के दिन की गई उपासना से विद्यार्थियों को एकाग्रता, कलाकारों को सृजनशीलता और साधकों को आत्मज्ञान की प्राप्ति होती है। हमारी प्राचीन शिक्षा पद्धति में आज के दिन नन्हे बच्चों का अक्षर ज्ञान या विद्यारंभ संस्कार कराया जाता है, जो शिक्षा की पवित्रता को दर्शाता है। ज्ञान की प्राप्ति और जड़ता के नाश के लिए इस सिद्ध मंत्र का पाठ अत्यंत फलदायी है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसारए बसंत पंचमी को अबूझ मुहूर्त माना गया है। इस दिन ग्रहों की स्थिति बुद्धि और विवेक को जागृत करने वाली होती है। पीला रंग जो इस पर्व का मुख्य आकर्षण है वह हमारे गुरु बृहस्पति ग्रह को प्रबल करता है, जो ज्ञान और धर्म का कारक है।


जींद। मीटिंग लेते हुए एडीसी। फोटो :हरिभूमि

### व्यवस्थाएं समय पर पूरी करें

**जींद।** गणतंत्र दिवस के जिला स्तरीय समारोह को लेकर बुधवार को लघु सचिवालय स्थित एडीसी कॉन्फ्रेंस हॉल में अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त नें समारोह के दौरान झांकियों की प्रस्तुतियों को लेकर संबंधित विभागों को दिशा निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि इस वर्ष 77वां गणतंत्र दिवस समारोह स्थानीय पुलिस लाइन में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। जिसमें महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगी। उन्होंने कहा कि समारोह को गरिमामय, सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं।

### आमजन 31 तक हरियाणा बजट के लिए दें सुझाव : डीसी

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा वित्त वर्ष 2026-27 के बजट निर्माण की प्रक्रिया में आमजन की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। सरकार का मत है कि बजट जनहित विकास प्राथमिकताओं और नागरिकों की वास्तविक आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार हो। इसी उद्देश्य से राज्य के प्रत्येक नागरिक को सुझाव साझा करने के लिए आमंत्रित किया है। बताया कि नागरिकों की सुविधा के लिए सुझाव देने के कई माध्यम उपलब्ध कराए गए हैं। नागरिक 7303350030 नंबर पर मिस्ड कॉल देकर 31 जनवरी तक अपनी राय दर्ज करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त एआई.सहायक के माध्यम से लिंक पर संवाद करने की सुविधा भी उपलब्ध है। सुझाव देने के लिए नागरिक बीएएमएस हरियाणा डॉट एनआईसी डॉट इन लिंक पर जाकर ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं।

### बुनियाद में छाए रामराय स्कूल के बच्चे

**जींद।** हरियाणा सरकार द्वारा संचालित बुनियाद परीक्षा में राजकीय वमावि रामराये के आठवीं कक्षा के छह विद्यार्थियों ने बुनियाद परीक्षा में सफलता हासिल की है। इसमें निधि ने जिला जींद में चौथा स्थान, सरिता ने 11वां और हरदीप ने 12वां स्थान हासिल करके विद्यालय का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्या ज्योति शर्मा ने बच्चों को, अभिभावकों को व स्टाफ सदस्यों को बधाई दी। विशेष रूप से कुलबीर कंप्यूटर अध्यापक व कुलदीप पीजीटी और राजलक्ष्मी ने बच्चों की तैयारी करवाने के लिए विशेष योगदान दिया और प्रिंसिपल ने इन सभी अध्यापकों की विशेष सराहना की।

गौरतलब है कि जिले में बुनियाद लेवल 1 की परीक्षा परिणाम मंगलवार को जारी हुआ। जिले के 1343 विद्यार्थियों का चयन लेवल 2 के लिए हुआ है। अब 30 जनवरी को लेवल 2 की परीक्षा होगी।


जींद। लेवल वन परीक्षा पास करने वाले बच्चे स्कूल स्टाफ के साथ।


अलेवा। सरस्वती स्कूल में बच्चों को सूर्य नमस्कार करवाती योग सहायिका नीलम।

### सरस्वती स्कूल में करवाया सूर्य नमस्कार

**अलेवा।** सूर्य नमस्कार अभियान के तहत आयुष विभाग ने नगूरां गांव के सरस्वती पब्लिक स्कूल में बच्चों को सूर्य नमस्कार करवाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता योग सहायिका कविता दलाल, नीलम तथा योग सहायक संदीप ने की। इस दौरान योग सहायिका कविता दलाल व योग सहायक संदीप ने बच्चों को योग के बारे में बताते हुए कहा कि योग तनाव में कमी, पाचन तंत्र मजबूत, रक्त संचार में वृद्धि, वजन नियंत्रण और आंतरिक अंगों के सुचारू रूप से काम करना तथा मानसिक शांति को बढाता है। इसके अलावा योग सहायकने सूर्य नमस्कार से होने वाले लाभ के बारे में विस्तार पूर्वक बच्चों को अभ्यास करवाया गया।

### 179 प्रशिक्षुओं ने पंजीकरण करवाया

**जींद।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में रोजगार मेले (कैंपस प्लेसमेंट) का सफल आयोजन किया गया। रोजगार कैंपस संस्थान के प्रधानाचार्य नरेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इसमें देश की प्रतिष्ठित ऑटोमोबाइल कंपनी हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड नीमराना (राजस्थान) ने भाग लिया। रोजगार मेले का मुख्य उद्देश्य आईटीआई प्रशिक्षुओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना एवं उद्योग से सीधा जुड़ाव सुनिश्चित करना रहा।इस प्रक्रिया में लिखित एवं मौखिक इंटरव्यूह के माध्यम से छात्रों की तकनीकी योग्यता व्यावहारिक ज्ञान अनुशासन एवं कार्यक्षमता का मूल्यांकन किया गया। रोजगार मेले में विभिन्न ट्रेडों के कुल 179 प्रशिक्षुओं ने पंजीकरण कराया। जिनमें से इंटरव्यू प्रक्रिया के आधार पर 46 योग्य उम्मीदवारों का अंतिम रूप से चयन किया।


जींद। रोजगार मेले में रजिस्ट्रेशन करवाते युवा। फोटो :हरिभूमि


बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की शपथ दिलाती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

### कन्या भ्रूण हत्या न करने की शपथ दिलाई

**अलेवा।** स्वास्थ्य विभाग ने चांदपुर गांव में बेटी बचाओ-बेटी पढाओ पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा व महिला निरीक्षक पुष्पावती ने की। लोगों को कन्या भ्रूण हत्या न करने की शपथ दिलाने के अलावा बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, जीवन को खुशहाली से सजाओ नामक स्लोगनों से जागरूक किया। कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने कहा कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2015 में बेटी बचाओ- बेटी पढाओ कार्यक्रम हरियाणा के पानीपत जिले से चलाया था। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लिंगानुपात में सुधार, बालिकाओं के अस्तित्व, सुरक्षा और शिक्षा को बढावा देना है। इस योजना के तहत सरकार ने सुकन्या समृद्धि योजना और आपकी बेटी-हमारी बेटी योजनाएं लागू की गई।


जींद। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए एसपी कुलदीप सिंह। फोटो :हरिभूमि

### आज प्रतिस्पर्धा का दौर : एसपी

**जींद।** राजकीय महिला कालेज में राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया। जिसका विषय गणित बहू विषयक दृष्टिकोण रहा। उद्घाटन समारोह के मुख्यअतिथि एसपी कुलदीप सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डा. जय नारायण गहलावत ने की। कार्यक्रम के संयोजक डा. जितेंद्र कुमार एवं सह संयोजिका डा. अल्पना शर्मा रहे। संगोष्ठी का उद्देश्य गणित का विभिन्न विषयों जैसे विज्ञान, इंजीनियरिंग, अर्थशास्त्र, कंप्यूटर विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान में बढ़ते महत्व को रेखांकित करना था। प्राचार्य ने राष्ट्रीय संगोष्ठी में पहुंचने पर प्रतिभागियों का स्वागत किया व सेमिनार के विषय में युवा पीढ़ी को आह्वान किया कि आज का दौर प्रतिस्पर्धा का दौर है और इसमें आगे बढने के लिए गणित विषय में पारंगत होना नितांत आवश्यक है।

# पौली की छात्रा ललिता ने मिशन बुनियाद लेवल वन परीक्षा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना क्षेत्र के पौली गांव स्थित राजकीय वमावि की आठवीं कक्षा की होनहार छात्रा ललिता ने मिशन बुनियाद लेवल वन परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए खंड स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया है। ललिता की उपलब्धि से न केवल विद्यालय बल्कि पूरे गांव में खुशी का माहौल है। परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम आने के बाद जब ललिता विद्यालय पहुंची तो विद्यालय स्टाफ और विद्यार्थियों द्वारा उसका जोरदार स्वागत किया। विद्यालय के प्राचार्य संजय दांगी ने जानकारी देते बताया कि छात्रा ललिता ने मिशन बुनियाद



लेवल वन परीक्षा में प्रदेश स्तर पर 25वां रैंक, जिला स्तर पर चौथा स्थान और खंड स्तर पर दूसरा स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। कहा कि उपलब्धि ललिता की कड़ी मेहनत, लगन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। प्राचार्य ने अन्य विद्यार्थियों से भी आह्वान किया कि वे ललिता से प्रेरणा लेकर शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर मेहनत करें और आगे बढ़ें। ललिता के परिवार की आर्थिक स्थिति साधारण है। उसके पिता मजदूरी करते हैं जबकि माता एक गृहिणी हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद ललिता ने अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प से यह मुकाम हासिल किया है, जो समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है। विद्यालय के शिक्षकों ने भी ललिता की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह शुरू से ही पढ़ाई में मेहनती और अनुशासित रही है। इस मौके पर अध्यापिका शुकंतला, सुखवंत, जोगिंद्र पाल, स्वीटी, रामू आदि मौजूद रहे।


नरवाना। योग का अभ्यास करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### सूर्य नमस्कार का किया अभ्यास

**नरवाना।** हरियाणा आयुष विभाग और हरियाणा योग आयोग के निर्देशानुसार 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जयंती से 12 फरवरी स्वामी दयानन्द जयंती तक चलाए जा रहे सूर्य नमस्कार योग अभियान के अंतर्गत नरवाना ब्लॉक के आयुष योग सहायकों सुखविंदर, राजेश, अरविंद, प्रदीप, प्रमिला, रामचंद्र द्वारा खेल विभाग नवदीप स्टेडियम नरवाना में सूर्य नमस्कार का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों बच्चों ने सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया। कार्यक्रम में खेल विभाग के अधिकारी डीएसओ रामपाल हुड्डा, कोच बीरबल, कोच रितु, कोच राहुल, खेल विभाग मुख्य कोच संदीप व कोच राजेंद्र उपस्थित रहे। आयुष योग सहायक अरविंद ने बताया कि नियमित रूप से योग व सूर्य नमस्कार करने से हम शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहते हैं।

## हिंदू कन्या महाविद्यालय में एनएसएस शिविर का आयोजन

# स्वयंसेविकाओं ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हिंदू कन्या कालेज में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत योग सत्र से हुई। इसमें आयुष विभाग से योग प्रशिक्षक साजन कुमार और संतोष देवी ने यह सत्र करवाया। उन्होंने खास तौर पर सूर्य नमस्कार और मेडिटेशन के महत्व पर प्रकाश डाला और विभिन्न आसन करवाए। जिसने स्वयंसेविकाओं में नई ऊर्जा का संचार किया। इसके बाद स्वयंसेवकों ने गोद लिए खोखरी गांव का दौरा किया। इस अवसर पर गांव की सरपंच सुनीता देवी के



जींद। पौधरोपण के मौके पर मौजूद स्वंयसेविकाएं। फोटो :हरिभूमि

हाथों पौधारोपण किया गया। जिसके माध्यम से स्वयंसेविकाओं ने पर्यावरण संरक्षण का महत्वपूर्ण संदेश दिया। इसके साथ ही स्वयंसेविकाओं ने गांव में स्वच्छता अभियान भी चलाया और गांव के पार्क में सफाई अभियान चलाया। वहीं ग्रामवासियों के साथ-साथ स्वयंसेविकाओं ने सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने की शपथ भी ली। शपथ में दहेज न लेना, लैंगिक भेदभाव रोकना, भ्रूण हत्या, हिंसा, नशाखोरी, छुआछूत, बाल विवाह आदि सामाजिक बुराइयों से बचने की शपथ ली। अगले सत्र में हरियाणा रेड रिबन क्लब के संयोजक एवं हेल्थ डिपार्टमेंट सीएमओ ऑफिस से स्टैटिस्टिकल नोसोलॉजिस्ट के डा. सतीश ने एचआईवी एड्स को जानें, एड्स से बचाव करें जिम्मेदारी समझें विषय पर ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया।

### बुराइयों से दूर रहने का आह्वान

इस व्याख्यान के उपरांत कॉलेज प्राचार्या डा. पूनम मोर ने डा. सतीश देशवाल का धन्यवाद किया। इसी के साथ, अन्न बचाओ, भविष्य बचाओ विषय पर एक नारा प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें स्वयंसेविकाओं ने रचनात्मक नारों के माध्यम से अन्न के महत्व और उसके संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के तरीके सीखे। इस गतिविधि से उन्हें यह समझ मिली कि कैसे छोटे प्रयासों से बड़े बदलाव लाए जा सकते हैं। प्राचार्या डा. पूनम मोर ने दिन भर की गतिविधियों का अवलोकन करते स्वयंसेविकाओं के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने विशेष रूप से गोद लिए गए गांव खोखरी के दौरे और वहां किए गए पौधारोपण व स्वच्छता अभियान के साथ-साथ सामाजिक बुराइयों को दूर करने के महत्वपूर्ण प्रयासों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ऐसे शिविर युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी और नेतृत्व के गुणों का विकास करते हैं।


जींद। पीटी करते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### सांस्कृतिक कार्यक्रम का अभ्यास

**जींद।** एडीसी प्रदीप कुमार ने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां जोरों-शोरों से चल रही है। स्कूली बच्चों द्वारा स्थानीय पुलिस लाइन मैदान में पीटी शो, डंबल व सांस्कृतिक कार्यक्रम का अभ्यास किया जा रहा है। 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी जींद में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करेंगी और राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगी। इस दौरान वे भव्य परेड की सलामी भी लेंगी। एडीसी प्रदीप कुमार ने बताया कि समारोह में विभिन्न शिक्षण संस्थानों द्वारा सांस्कृतिक एवं देशभक्ति के कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। विभिन्न विभागों द्वारा झांकियां निकाली जाएगी। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, प्रतिभाशाली विद्यार्थियों, गणमान्य व्यक्तियों व अन्य को सम्मानित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### पशु चोरी मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार

- चोरीशुदा पशु व वारदात में प्रयुक्त अल्टो गाड़ी बरामद

**कैथल।** थाना सदर अंतर्गत क्षेत्र से पशु चोरी मामले की जांच एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई ईशम सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी वाल्मीकि मोहल्ला असंध जिला करनाल निवासी साहिल उर्फ अंकुर व अरुण उर्फ फौजी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव गुहणा निवासी सतपाल की शिकायत अनुसार 12 जनवरी की रात उसके पशु बाडा का ताला तोड़ कर अज्ञात व्यक्ति उसके पशु बाडे से 5 सुअर चोरी करके ले गए थे। जिस बारे थाना सदर में मामला दर्ज किया गया था। आरोपियों के कब्जे से चोरीशुदा सभी पशु व वारदात में प्रयुक्त आल्टो गाड़ी बरामद कर ली गई।

### चालक ने किया युवक पर कार चढ़ाने का प्रयास

**कैथल।** गांव फतेहपुर में एक कार सवार ने सड़क पर पैदल जा रहे व्यक्ति को टक्कर मार घायल कर दिया। कार में चालक सहित 6 आरोपी सवार थे। पीड़ति ने जब आरोपियों का विरोध किया तो उसके साथ मारपीट भी की। मामले में सिटी थाना पुलिस ने 6 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पूंडरी थाना पुलिस को दी गई शिकायत में फतेहपुर निवासी रमेश चंद ने बताया कि वह 16 जनवरी को शाम के करीब 6 बजे वह पूंडरी से दवाई लेकर फतेहपुर जा रहा था। वहां पर पीछे से आ रहे एक कार चालक ने गलत तरीके से गाड़ी चलाते हुए उसे टक्कर मार दी। इससे वह सड़क पर गिर गया और चोटिल हो गया। कार में कुल 6 लोग सवार थे और वे सभी नशे में थे।

### शतरंज प्रतियोगिता के लिए ट्रायल 29 को

**कैथल।** जिला खेल अधिकारी (कैथल) राज रानी ने बताया कि अखिल भारतीय सिविल सेवा शतरंज प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन आगामी 17 फरवरी से 26 फरवरी 2026 तक त्यागराज स्टेडियम, नई दिल्ली में किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम (पुरुष व महिला) के चयन के लिए ट्रायल का आयोजन 29 जनवरी 2026 को ताऊ देवीलाल खेल स्टेडियम, पंचकूला में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक उत्कृष्ट खिलाड़ी, जो सरकारी अधिकारी या कर्मचारी हैं, निर्धारित समय पर चयन प्रक्रिया के लिए पहुंच सकते हैं। खिलाड़ियों के आने-जाने का व्यय उनके संबंधित विभाग द्वारा वहन किया जाएगा। प्रतिभागियों को अपने साथ विभाग से प्रमाणित प्रमाण-पत्र लाना अनिवार्य होगा कि वे संबंधित विभाग में कार्यरत हैं।

## आपदा प्रबंधन की तैयारियों को लेकर डीसी ने की विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक

# भूकंप व अन्य आपदा में राहत के लिए सभी का तालमेल जरूरी : अपराजिता

- आपदा के समय विभागों के बीच आपसी तालमेल और मुस्तैदी होना अनिवार्य
- अधिकारी सरकारी इमारतों में फायर सेफ्टी ऑडिट के लिए आवश्यक कार्रवाई करवाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल



कैथल। डीसी अपराजिता आपदा प्रबंधन की तैयारियों को लेकर बैठक लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

आपदा प्रबंधन की तैयारियों को लेकर बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में एक अहम समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी अपराजिता ने दो सख्त निर्देश दिए कि आपदा कभी बताकर नहीं आती, इसलिए सभी विभागों को भूकंप जैसी किसी भी स्थिति से निपटने के लिए 24×7 तैयार रहना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आपदा के समय जानमाल के नुकसान को कम करने के लिए विभागों के बीच आपसी तालमेल और मुस्तैदी का होना सबसे अनिवार्य है। साथ ही स्वयं सेवी संस्थाओं के साथ भी तालमेल बनाए रखना जरूरी है।

डीसी ने बैठक में सुरक्षा मानकों को लेकर कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने जिला राजस्व अधिकारी और लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि जिले की सभी सरकारी इमारतों का तुरंत फायर सेफ्टी ऑडिट और स्ट्रेंथ (मजबूती) ऑडिट के लिए आवश्यक कार्रवाई करवाएं। विशेष रूप से लघु सचिवालय का सबसे पहले फायर एवं स्ट्रेंथ सेफ्टी ऑडिट करवाया जाए। यह कदम इसलिए उठाया जा रहा है ताकि किसी भी अनहोनी की स्थिति में सरकारी भवन सुरक्षित रहें और राहत कार्यों का केंद्र बन सकें।

प्रशासनिक चुस्ती बनाए रखने के लिए डीसी ने सभी विभागों को अपने पास उपलब्ध मशीनरी, मैनपावर और उपकरणों की विस्तृत सूची तैयार रखने के निर्देश दिए और कहा कि सभी संसाधन चालू अवस्था में होने चाहिए, ताकि जरूरत पड़ने में उनका इस्तेमाल किया जा सके। साथ ही जिला राजस्व अधिकारी को निर्देश दिए गए कि वे हर 15 दिन में सभी संबंधित अधिकारियों की एक अपडेटेड संपर्क सूची पुलिस के साथ साझा करें। इससे आपातकाल में बिना समय गंवाए संबंधित अधिकारी से संपर्क साधा जा सकेगा।

बैठक में यह चिन्हित किया गया कि आपदा के दौरान मुख्य रूप से इन विभागों को लीड रोल में रहना होगा। इसमें पुलिस, फायर विभाग, पीडब्ल्यूडी, स्वास्थ्य विभाग, बिजली, संचार विभाग, परिवहन विभाग, खाद्य आपूर्ति, पब्लिक हेल्थ, पशुपालन, रेड क्रॉस आदि।

इस अवसर पर एसपी उपासना, एडीसी डा. सुशील कुमार, जिला परिषद के सीईओ सुरेश राविश, डीएमसी कपिल कुमार, सीटीएम गुरविंद्र सिंह, डीआरओ चंद्रमोहन, डीडीपीओ रितु लाठर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में आज होगी मॉक ड्रिल

*आपदा प्रबंधन की तैयारियों के दृष्टिगत 22 जनवरी को जवाहर नवोदय विद्यालय तितरम में मॉक ड्रिल की जाएगी। जिसमें भूकंप के कारण किसी एक पुरानी बिल्डिंग के ढहने के काल्पनिक हालात में राहत एवं बचाव कार्यों का निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार की जाएगी। अलार्म बजते ही सभी संबंधित विभागों से जुड़े संसाधन घटना स्थान पर पहुंचना शुरू हो जाएंगे और राहत कार्य शुरू किया जाएगा। इस मॉक ड्रिल का मकसद आपदा की तैयारियों को परखना है। इस मॉक ड्रिल में जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों व अधिकारियों के साथ-साथ एनडीआरएफ की टीम भी भाग लेगी।*

### आपदा प्रबंधन के तीन मुख्य स्तंभ

एनडीआरएफ से आए अधिकारियों ने बताया कि किसी भी आपदा से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए कार्यप्रणाली को तीन चरणों में विभाजित किया गया है। इसमें प्लानिंग, लॉजिस्टिक तथा ऑपरेशन शामिल हैं। प्लानिंग के तहत संकट आने से पहले और उसके दौरान की रणनीति जिले के आला अधिकारी तैयार करवाएंगे। दूसरे चरण में लॉजिस्टिक के तहत राहत सामग्री और उपकरणों की समय पर उपलब्धता अधीनस्थ कर्मचारी सुनिश्चित करेंगे। तीसरे चरण में ऑपरेशन के तहत ग्राउंड जीरो पर राहत और बचाव कार्य का क्रियान्वयन करवाया जाएगा। इसके लिए जरूरी है कि सभी विभागों में आपसी तालमेल हो। स्कूल या किसी अन्य संस्थान में बच्चों सहित कर्मचारियों व अधिकारियों को आपदा के समय में प्रारंभिक राहत कार्यों की जानकारी होनी चाहिए। ताकि जब तक संबंधित एजेंसियां मौके पर पहुंचे, तब तक लोगों के जानमाल की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जा सकें। उन्होंने पुलिस, पीडब्ल्यूडी, शिक्षा, स्वास्थ्य, रेडक्रॉस, स्वयं सेवकों सहित विभिन्न विभागों की तय जिम्मेदारियों के बारे में बारीकी से बताया।



कैथल। डीसी अपराजिता अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

### एसआईआर के दृष्टिगत बीएलए द्वितीय नियुक्त करें सभी राजनीतिक दलः अपराजिता

- मतदाता सूची के पुनरीक्षण को लेकर डीसी ने की निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी अपराजिता ने कहा कि मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से पहले बीएलओ द्वारा वर्ष 2024 की मतदाता सूची मिलान वर्ष 2002 की सूची के साथ बीएलओ ऐप के माध्यम से किया जा रहा है। इसलिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल जल्द से जल्द प्रत्येक मतदान केंद्र के लिए अपने बीएलए-2 नियुक्त करें और उनके फॉर्म जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा करवाएं, ताकि मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में पारदर्शिता और सटीकता बनी रहे। जिला अपराजिता बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक में आवश्यक दिशा निर्देश दे रही थीं। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा करना और उसे समयबद्ध तरीके से पूरा करना रहा। उन्होंने बताया कि फिलहाल केवल एक ही पार्टी ने 16-कलायत और 17-कैथल विधानसभा क्षेत्रों के लिए अपने बीएलए नियुक्त किए हैं। अन्य राजनीतिक दल भी इस कार्य में तेजी लाएं।

उन्होंने बताया कि जिले में अब तक लगभग 70 प्रतिशत मतदाता सूचियों के मिलान कार्य पूर्ण हो चुका है। जिन मतदाताओं का मिलान हो चुका है, उन्हें आगामी गहन पुनरीक्षण के समय अपना कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करना है, केवल गणना फार्म ही भरा जाना है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने कार्यकर्ताओं के माध्यम से अधिक से अधिक मतदाताओं का मिलान करवाएं।

डीसी अपराजिता ने यह भी बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायत अनुसार मतदाता सूची में मौजूद धुंधली या ब्लैक एंड व्हाइट फोटो को रंगीन फोटो में बदला जाएगा। इसके लिए संबंधित मतदाताओं को जागरूक करने और फॉर्म नंबर 8 भरवाने की अपील की गई है। इसी प्रकार एक जैसे नाम और पिता के नाम वाले मतदाताओं के सत्यापन का कार्य बीएलओ के से करवाया जा रहा है। डीसी अपराजिता ने अपील की है कि यदि कोई मतदाता वर्ष 2002 के बाद किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित हुआ है, तो वह अपना पुराना रिकॉर्ड प्रस्तुत करे ताकि उसे भविष्य में किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने सभी रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समय समय पर अपनी अधीन कार्यरत बीएलओ, सुपरवाइजर की मीटिंग लेकर उन्हें उनको सौंपे गए कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश देते रहें।

## एएनएम ट्रेनिंग कोर्स में रामा कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग कुतुबपुर की छात्रा रूकसान रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल



रूकसान



मनीषा



सरिता



ज्योति

हरियाणा प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग द्वारा घोषित एएनएम ट्रेनिंग कोर्स के परीक्षा परिणाम में रामा कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग कुतुबपुर ने ऐतिहासिक सफलता दर्ज की है। संस्था का परीक्षा परिणाम न केवल सत-प्रतिशत रहा बल्कि कैथल जिले की सूची में संस्थान की छात्रा रूकसान ने अपना परचम लहराया और जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। संस्थान की रुखसान छात्रा ने 449 /600 अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया । मनीषा और सरिता ने 429 अंक प्राप्त करके अपने संस्थान में द्वितीय स्थान और ज्योति ने 426 अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया । रामा संस्थान कई वर्षों से परिणाम के मामले में अपना परचम हरियाणा प्रदेश में लहरा रहा है। संस्थान की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए मैनेजिंग कमेटी और स्टाफ सदस्यों ने बताया कि यह परिणाम बच्चों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के सही मार्गदर्शन का नतीजा है। मेडिकल क्षेत्र के इस महत्वपूर्ण कोर्स में 100% रिजल्ट देना और हरियाणा प्रदेश में अपना स्थान प्राप्त करना संस्थान की गुणवत्ता दर्शाता है। इस अवसर पर स्कूल मैनेजमेंट ने मेधावी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की और आशा व्यक्त की कि आगे भी छात्र अपनी मेहनत से अपना और अपने माता-पिता का और संस्था का नाम रोशन करते रहेंगे। प्रबंधन समिति ने कहा कि हमें गर्व है हमारे विद्यार्थियों पर जिन्होंने कड़ी मेहनत के दम पर हमारी संस्था का नाम हरियाणा प्रदेश में रोशन किया।

### संदीप नैन बने राजौंद के खंड शिक्षा अधिकारी

**राजौंद।** राजौंद खंड शिक्षा अधिकारी के रूप में संदीप नैन ने राजौंद बी ई ओ का कार्यभार संभाल लिया। सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों के स्टाफ सदस्यों ने उनका स्वागत किया। जानकारी देते हुए नवनियुक्त खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि वह सांपला रोहतक में प्रिंसिपल के पद पर कार्य थे। वहां से प्रमोशन होने पर सबसे पहले उन्होंने राजौंद में खंड शिक्षा अधिकारी के रूप में ज्वाइनिंग की है। उन्होंने कहा कि पूरे ब्लॉक को इसके लिए शुभकामनाओं के साथ-साथ सभी ब्लॉक के सरकारी व गैरा सरकारी स्कूल का स्टाफ मिलकर एक टीम बनाकर कार्य करेंगे ताकि शिक्षा का स्तर ऊंचा उठाया जा सके। संदीप नैन ने कहा की ब्लॉक के सभी अभिभावको शिक्षकों व विद्यार्थियों को कहा कि इसमें सब का सहयोग जरूरी है।

## जाट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के खिलाड़ियों ने अंडर 14 खेलों में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के तत्वाधान में आयोजित 69 वीं राष्ट्र स्तरीय अंडर 14 हैंडबॉल प्रतियोगिता 5 जनवरी से 10 जनवरी तक चित्तौड़गढ़ राजस्थान में आयोजित की गई । इस प्रतियोगिता में जाट सीनियर सेकेंडरी स्कूल कैथल के छात्र शिवचरण की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मोहित ने 13वीं जूनियर नेशनल चैंपियनशिप जूडो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता। यह प्रतियोगिता 8 से 10 जनवरी राजेंद्र नगर बिहार में आयोजित की गई। विद्यार्थी कमलदीप ने ताइक्वांडो नेशनल फेडरेशन के तहत राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में 5 जनवरी से 10 जनवरी तक आयोजित प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता। ताइक्वांडो जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अनुष्का और उर्मिला ने गोल्ड मेडल हासिल किया और रितिका ने सिल्वर मेडल हासिल कर अपने माता-पिता व विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेश कुमार ने इस उपलब्धि पर खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और भविष्य में अपनी प्रतिभा को निखारने की प्रेरणा दी।




### प्रधान ने उपलब्धियों की प्रशंसा की

जाट हाई स्कूल सोसायटी के प्रधान राजकुमार बेनीवाल , उप प्रधान बलजिंदर बनवाला, महासचिव रश्मि सिंह ढुल,व कोषाध्यक्ष बलकार नैन ने खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत से प्राप्त इन उपलब्धियों की भूरि भूरि प्रशंसा की और प्रत्येक खिलाड़ी को 1100 नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। राजकुमार बेनीवाल ने बताया जीवन में खेलों का विशेष महत्व है, खेलों से विद्यार्थियों में अनुशासन और नेतृत्व का गुण पनपता है उन्होंने विद्यालय के छात्रों को खेलों में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कार्यकारिणी के अन्य सदस्य डॉक्टर सत्यवान माजरा, दलवीर कैरों,महावीर राविश, राजपाल गुहना, सन्नी चौसाला, महावीर कुंडू, विक्रम सोंगल, कुलदीप सिंह, रजत रापड़िया, स्वतंत्र पाल सिंह व जसवीर मानस मौजूद रहे।

### साइबर ठगी से रहें सतर्कः एसपी उपासना



**कैथल।** आधुनिक युग में साइबर अपराधी अब बैंक अधिकारियों या कस्टमर केयर प्रतिनिधियों के रूप में खुद को प्रस्तुत कर क्रेडिट कार्ड धारकों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। ये ठग लोगों को कॉल, एसएमएस या व्हाट्सएप मैसेज के माध्यम से संपर्क कर क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का लालच देते हैं और इस बहाने से व्यक्तिगत व वित्तीय जानकारी चुराते हैं। एसपी उपासना ने बताया कि ठग सबसे पहले बड़े ही प्रोफेशनल तरीके से बात कर भरोसा जीतने की कोशिश करते हैं। इसके बाद वे पीड़ितों से कार्ड नंबर, ओटीपी, सीवीवी, जन्मतिथि जैसी गोपनीय जानकारी मांगते हैं। कई मामलों में ठग लिंक या फर्जी एप्लिकेशन डाउनलोड करवाकर मोबाइल का रिमोट एक्सेस भी हासिल कर लेते हैं। एक बार जानकारी मिलते ही ठग कुछ ही मिनटों में खातों से पैसे निकाल लेते हैं या ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कर भारी आर्थिक नुकसान पहुंचाते हैं।

### प्रदीप भुक्कल ने बांटे वस्त्र व बैग

**पूंडरी।** पूंडरी स्थित कैथली गेट के समीप राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय में समाजसेवा की भावना से प्रेरित एक सराहनीय पहल सामने आई है। फतेहपुर निवासी समाजसेवी प्रदीप भुक्कल, कर्मवीर गढ़तान, कुलविन्दर पूंडरी द्वारा सर्दी के मौसम को देखते हुए विद्यालय के बच्चों को गर्म कपड़े वितरित करने की इच्छा जताई गई।

इस संबंध में विद्यालय परिसर में हुई चर्चा के दौरान समाजसेवियों ने कहा कि ठंड के मौसम में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को गर्म कपड़ों की आवश्यकता होती है, जिसे ध्यान में रखते हुए वे बच्चों की सहायता करना चाहते हैं। इस पर विद्यालय के मुख्य शिक्षक द्वारा जानकारी दी गई कि सरकार द्वारा बच्चों को निःशुल्क स्कूल वर्दी उपलब्ध करवाई जाती है, इसलिए बच्चों को अतिरिक्त कपड़ों की बजाय स्कूल बैग की अधिक आवश्यकता है। मुख्य शिक्षक के सुझाव को स्वीकार करते हुए समाजसेवियों ने पहले चरण में बच्चों को स्कूल बैग वितरित करने तथा भविष्य में भी विद्यालय को सहयोग देने का आश्वासन दिया।

### जीवन की चेतना से है बसंत का संबंध : शास्त्री



**पूंडरी।** प्रसिद्ध धर्माचार्य पंडित रवि दत्त शास्त्री नें बताया की 23फरवरी दिन शुक्रवार को आने वाली बसन्त पंचमी को बसन्त को ऋतुओं का राजा माना जाता है। माघ शुल्क पंचमी से इसका आगमन माना जाता है। वर्ष के आरम्भ में बसन्त प्रकृति को मानो पूरी तरह नया और ताजा कर देता है। वैसे हर पर्व हमें प्रेम और शांति की शिक्षा देता है। बसन्त पंचमी का पर्व हमें प्रकृति से प्रेम और मां सरस्वती की साधना कर अपने जीवन को प्रगति के पथ पर जाने के लिए संकल्पित करने का पर्व है। बसन्त पंचमी के दिन सबसे पहले श्री गणेश जी की उपासना करें। इसके पश्चात कलश स्थापित करके सरस्वती जी की पूजा करें। जगह-जगह मां सरस्वती से ज्ञान, बुद्धि और विवेक की प्रार्थना की जाती है। विद्यार्थी वर्ग मां शारदा की वन्दना कर सफलता प्रदान करने के लिए विनय करते है। देखा जाए तो केवल लक्ष्मी जी की कृपा से ही जीवन सफल नहीं होता।

### मिशन बुनियाद कार्यक्रम में साहिल रहा प्रथम

**कैथल।** शिक्षा विभाग के मिशन बुनियाद कार्यक्रम के तहत लेवल वन परीक्षा में जिले के 1602 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। इस उत्कृष्ट परिणाम के चलते जिले ने प्रदेश में चौथा स्थान हासिल किया है। गांव ग्योंग स्थित आरोही मॉडल स्कूल के छात्र साहिल ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए जिला स्तर पर पहला स्थान प्राप्त किया। जबकि उसका प्रदेश में 53वां रैंक रहा। इसी प्रकार से मटौर के राजकीय विद्यालय की छात्रा जसिका ने जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया और उसका प्रदेश स्तर पर 142वां रैंक रहा। जिले में तीसरे स्थान पर क्योड़क के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्रा अंतिमा रही। अंतिमा ने प्रदेश में 189वां रैंक हासिल किया है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों और विद्यालय प्रबंधन ने इन विद्यार्थियों व अभिभावकों को बधाई दे उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। जिला विज्ञान विशेषज्ञ सुशील कुमार ने बताया कि मिशन बुनियाद कार्यक्रम की लेवल वन की प्रवेश परीक्षा 26 दिसंबर 2025 को आयोजित की गई थी। इसमें पूरे राज्य से 74 हजार विद्यार्थियों ने भाग लिया था।

## क्रिकेट खिलाड़ी ने रचा इतिहास टीम को दिलाया राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पूंडरी

- अहम मुकाबलों में दिखाई सूझबूझ भरी बल्लेबाजी, सटीक गेंदबाजी और चुस्त फील्डिंग ने टीम को निर्णायक बढ़त दिलाई

हरिद्वार में आयोजित डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल पूंडरी के होनहार क्रिकेट खिलाड़ी स्वयं कौशिक ने असाधारण खेल प्रतिभा का परिचय देते हुए अपनी टीम को राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान दिलाकर स्कूल, क्षेत्र और अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 6 से 8 जनवरी तक हरिद्वार के हरिद्वार क्रिकेट स्टेडियम देवपुरा में संपन्न हुई, जिसमें देशभर से आए डीएवी स्कूलों की मजबूत और अनुभवी टीमों ने भाग लिया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान उन्होंने निरंतर शानदार प्रदर्शन किया। अहम मुकाबलों में उनकी सूझबूझ भरी बल्लेबाजी, सटीक गेंदबाजी और चुस्त फील्डिंग ने टीम को निर्णायक बढ़त दिलाई। फाइनल मुकाबले में भी उन्होंने दबाव के बीच संयम और आत्मविश्वास के साथ खेलते हुए टीम को जीत की राह पर बनाए रखा, जिससे अंततः डीएवी पब्लिक स्कूल पूंडरी की टीम ने खिताब अपने नाम किया। इस उपलब्धि पर स्कूल परिसर में खुशी का माहौल देखने को मिला। प्राचार्या साधना बख्शी ने इस सफलता को विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह की राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियां न केवल स्कूल की पहचान को नई ऊंचाइयों तक ले जाती हैं, बल्कि अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने खिलाड़ी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए निरंतर अभ्यास और सकारात्मक सोच बनाए रखने का संदेश दिया। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आई टीमों के बीच मुकाबले काफी रोमांचक रहे। कड़े संघर्ष के बावजूद डीएवी पब्लिक स्कूल पूंडरी की टीम ने एकजुटता, टीम भावना और खेल भावना का परिचय देते हुए श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस सफलता को स्कूल के खेल इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। इस अवसर पर स्कूल खेल शिक्षक तथा अन्य विद्यार्थी भी मौजूद रहे।




पूंडरी। ट्राफी के साथ डीएवी स्कूल पूंडरी के होनहार क्रिकेट खिलाड़ी स्वयं कौशिक। फोटो : हरिभूमि

**आयोजन** — क्विज़ एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का गरिमामय आयोजन

# क्विज प्रतियोगिता में महक, सरगम और माफी की टीम को मिला प्रथम स्थान

छात्राओं ने त्वरित सोच, सटीक उत्तर और टीम भावना का बेहतरीन प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पूंडरी

चौ. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय फतेहपुर-पूंडरी में आज नेक एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में सरस्वती महोत्सव के उपलक्ष्य में सरस्वती महोत्सव क्विज़ प्रतियोगिता एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का भव्य, सफल एवं गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला ने की। इस आयोजन का उद्देश्य छात्राओं में ज्ञानवर्धन, बौद्धिक क्षमता का विकास तथा भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना रहा। क्विज़ प्रतियोगिता का मुख्य विषय प्रमुख शिक्षाविद ए आर चौधरी द्वारा सरस्वती नदी तंत्र पर किए गए शोध पर आधारित रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ देवी मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं वंदना के साथ किया गया। प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि इस प्रकार की शैक्षणिक एवं बौद्धिक प्रतियोगिताएं छात्राओं के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इससे छात्राओं में आत्मविश्वास, प्रतिस्पर्धा की भावना और रचनात्मक सोच को बढ़ावा मिलता है, जो उनके भविष्य के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होता है। मंच संचालन की जिम्मेदारी डॉ. पुष्पा रानी ने निभाई। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का संपूर्ण संचालन नीलम एवं डॉ. सीता रानी द्वारा किया गया। निर्णायक मंडल की भूमिका में नीलम, डॉ. सीता रानी तथा अमिता रानी शामिल रहीं।



पूंडरी। प्रतियोगिता के दौरान प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला व स्टाफ के साथ विद्यार्थी।

### तीन दौर में आयोजित हुई प्रतियोगिता

प्रतियोगिता को प्रारंभिक दौर, मध्य दौर और फाइनल राउंड में आयोजित किया गया, जिसमें सामान्य ज्ञान, भारतीय संस्कृति, संगीत, साहित्य, विज्ञान तथा समसामयिक विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे गए। छात्राओं ने त्वरित सोच, सटीक उत्तर और टीम भावना का बेहतरीन प्रदर्शन किया। क्विज प्रतियोगिता में महक, सरगम और माफी की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अवनीत, सानिया और पूर्वा की टीम द्वितीय तथा दिव्या, संजना और साक्षी की टीम तृतीय स्थान पर रही। वहीं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अवनीत ने प्रथम, प्रीति ने द्वितीय और महक ने तृतीय स्थान हासिल किया। सभी विजेता छात्राओं को प्राचार्या द्वारा सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों के ज्ञान स्तर, प्रस्तुति और रचनात्मकता की सराहना की।

### राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन

कार्यक्रम के दौरान नेक संयोजिका डॉ गीता जायवाल और सांस्कृतिक सेल की संयोजिका डॉ पुष्पा रानी ने सभी अतिथियों, निर्णायकों, शिक्षकों एवं छात्राओं का आभार व्यक्त किया। प्रबंध समिति के अध्यक्ष चौधरी तेजवीर सिंह ने छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के बौद्धिक स्तर को ऊंचा उठाने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाने चाहिए। कार्यक्रम में कुल 50 छात्राओं ने भाग लिया। अंत में राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ भी उपस्थित रहा।

## खबर संक्षेप

### खंड स्तरीय प्रतियोगिता में खुशी को प्रथम स्थान

**उचाना।** फैडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन उचाना द्वारा आयोजित शैक्षणिक प्रतियोगिता में ओम इंटरनेशनल स्कूल दरोली खेड़ा के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्राचार्या डिंपल अरोड़ा ने बताया कि 10वीं कक्षा की छात्रा खुशी ने प्रथम, दक्ष, आरती ने टॉप-टेन में स्थान प्राप्त किया। 8वीं की मानसी ने तृतीय, 5वीं की अवि ने टॉप-10 में स्थान प्राप्त किया। 10वीं कक्षा के खुशी, दक्ष, आरती जिलास्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

### 23 को मनाई जाएगी सर छोटूराम की जयंती: हरेंद्र

**उचाना।** सर छोटूराम जयंती के उपलक्ष्य में खेल प्रतियोगिता का आयोजन 23 जनवरी को नरवाना के नवदीप खेल स्टेडियम में होगा। सर छोटूराम ट्रस्ट नरवाना ट्रस्टी हरेंद्र सिंह ने बताया कि मुख्य रूप से पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह पहुंचेंगे। हर साल बसंत पंचमी पर सर छोटूराम की जयंती को हर्षोल्लास से मनाया जाता है। रस्साकस्सी, एथलेटिक्स 100, 200, 400, 800 मीटर, शॉट प्रतियोगिता होगी। 35 साल से अधिक, 50 से अधिक उम्र के खिलाड़ियों की रस्साकस्सी होगी।

### राजकुमार बने कंज्यूमर्स कन्फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष

**जींद।** महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन के अध्यक्ष राजकुमार भोला को कंज्यूमर्स कन्फेडरेशन ऑफ इंडिया का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी यह नियुक्ति संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रीति प्रमोदर्य पांड्या व राष्ट्रीय चेयरमैन डा. अनन्त शर्मा की सहमति से राष्ट्रीय महासचिव मुकेश कुमार द्वारा की गई है। उनकी नियुक्ति पर विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने शुभकामनाएं देते हुए फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया।

### रविदास चौपाल में लगाया जाएगा मेगा कैंप

**राजौंद।** प्रवर चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संदीप सिंह ने बताया कि गुरुवार को सुबह 10 बजे राजौंद के वार्ड नंबर 9 रविदास चौपाल में एक मेगा कैंप लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह फोक मीडिया के तहत नाटक मंडली के माध्यम से स्वास्थ्य जागरूक कैंप लगाया जा रहा है। इसमें ब्लड टैस्ट छाती का एक्सरे आयुषमान कार्ड सहित कई अन्य कार्यक्रम शामिल रहेंगे। इस दौरान स्वास्थ्य निरक्षक जितेन्द्र, बहुद्देशीय कर्मचारी विनोद,बीना शर्मा,सुनीता,रजनी, दर्शना देवी सहित सभी आशा वर्कर व सभी नगर पालिका पार्षद इस कैंप में मौजूद रहेंगे।

### नाटक से दिया एचआईवी से बचाव का संदेश

**राजौंद।** गांव जखौली कमान पट्टी बर्बास मोहल्ला में हरियाणा एड्स कंट्रोल सोसाइटी के कार्यक्रम एच आई वी बचाव व रोकथाम के तहत नाटक मंडली के माध्यम से रोहतास पेगा और साथियों ने एड्स के फैलने के कारण और बचाव के बारे में गांव वासियों को जागरूक किया। इस दौरान आईसीटी राजौंद की टीम ने एच आई वी के टैस्ट किए। काउंसलर मनिता ने बताया कि एच आई वी एक लाइलाज बीमारी है, इसका इलाज जानकारी ही बचाव है।

---

### सीआरएसयू के इंटर जोनल यूथ फेस्टिवल में 43 विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी

# यूथ फेस्टिवल में नृत्य संगीत और नाटक की दिखी अनोखी झलक

**प्रत्येक प्रतियोगिता में न्यूनतम पांच टीमों की भागीदारी होगी सुनिश्चित**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद






जींद। कार्यक्रम में प्रस्तुति देते हुए। फोटो : हरिभूमि

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के परिसर में इंटर जोनल यूथ फेस्टिवल का भव्य एवं उत्साहपूर्ण शुभारंभ किया गया। इस युवा महोत्सव का आयोजन निदेशालय युवा एवं सांस्कृतिक गतिविधियां द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों से आए प्रतिभागी विद्यार्थी, शिक्षक गण एवं विश्वविद्यालय के अधिकारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि विश्वविद्यालय कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी रहे। फॉर्मल वेलकम कुलसचिव डा. राजेश बंसल द्वारा किया गया। उन्होंने आयोजकों को इस युवा महोत्सव का शुभ आरंभ करने के लिए बधाइयां दी। निदेशालय युवा एवं सांस्कृतिक ने बाहर से आए सभी प्रतिभागियों का और उनके साथ आए ऑफिशल्स का इस युवा महोत्सव में पहुंचने पर हार्दिक स्वागत व अभिनंदन किया।

विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी ने अपने विस्तृत उद्बोधन में कहा कि युवावस्था ऊर्जा, उत्साह और नवाचार का प्रतीक है। सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों के भीतर छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारने का कार्य करती हैं और उन्हें आत्म अभिव्यक्ति का अवसर प्रदान करती हैं। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय का यह प्रयास है कि विद्यार्थियों को अकादमिक ज्ञान के साथ-साथ सांस्कृतिक, नैतिक और सामाजिक मूल्यों से भी समृद्ध किया जाए। इस प्रकार के युवा महोत्सव विद्यार्थियों में टीम भावना, आपसी सहयोग और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रो. सैनी ने कहा कि युवा एवं सांस्कृतिक महोत्सव विद्यार्थियों की रचनात्मक, सांस्कृतिक एवं कलात्मक प्रतिभाओं को निखारने का एक महत्वपूर्ण मंच है। इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उनमें नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, टीम भावना एवं प्रतिस्पर्धात्मक सोच का विकास करते हैं। उन्होंने कहा कि रंग महोत्सव विद्यार्थियों की सृजनात्मक ऊर्जा और सांस्कृतिक प्रतिभा को अभिव्यक्त करने का सशक्त मंच है। उन्होंने कहा कि नाट्य संगीत नृत्य साहित्य और ललित कलाओं के माध्यम से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और सामाजिक समरसता का विकास होता है।



जींद। कार्यक्रम के शुभारंभ मौके पर मौजूद वीसी। फोटो : हरिभूमि

#### युवा ही संस्कृति के वाहक : कुलसचिव

कुलसचिव डा. राजेश बंसल ने अपने संबोधन में कहा कि युवा ही संस्कृति के वाहक हैं और ऐसे आयोजनों से उनमें नई ऊर्जा का संचार होता है। इंटर जोनल यूथ फेस्टिवल जैसे आयोजन विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को सजीव बनाते हैं और विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान करते हैं। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और आपसी समन्वय की भावना का विकास होता है। डा. बंसल ने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं और ऐसे आयोजन उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन एवं सामाजिक दायित्व की भावना को विकसित करते हैं।

#### कुल छह मंच स्थापित

इस इंटर जोनल यूथ फेस्टिवल में कुल 43 विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। प्रत्येक प्रतियोगिता में न्यूनतम पांच टीमों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। कार्यक्रमों के सफल एवं सुचारू संचालन हेतु विश्वविद्यालय परिसर में छह मंच स्थापित किए गए हैं। जिन पर एक साथ अलग-अलग सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने आगे बताया कि इस महोत्सव में 11 महाविद्यालयों के लगभग 300 विद्यार्थियों ने भाग लिया है। विद्यार्थियों ने नृत्य, संगीत, नाटक, चित्रकला, वाद-विवाद एवं अन्य सांस्कृतिक विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों का उत्साह, अनुशासन और रचनात्मकता दर्शनीय रही। जिसने पूरे वातावरण को ऊर्जा और उमंग से भर दिया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों, निर्णायकों एवं सहयोगी स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए युवा महोत्सव की सफलता की कामना की।

---

# राहुल गांधी से मिलकर गदगद हुआ कांग्रेस जिलाध्यक्ष रिषिपाल



जींद। राहुल गांधी से मिलते हुए रिषिपाल सिहाग व परिवार के सदस्य।

- हर सदस्य से बेहद सरल और स्नेहपूर्ण तरीके से की बातचीत, नए जोश एवं ऊर्जा का हुआ संचार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

देश के नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात जींद कांग्रेस जिलाध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर और उनके परिवार के लिए यादगार पल बन गई। कुरुक्षेत्र में आयोजित कांग्रेस के हरियाणा व उत्तराखंड के जिला प्रधानों के प्रशिक्षण शिविर के दौरान बुधवार को राहुल गांधी ने जिला प्रधानों के परिजनों से विशेष रूप से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने न केवल राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा की बल्कि पारिवारिक हालचालए शिक्षा और सामाजिक जिम्मेदारियों पर भी खुलकर संवाद किया।

राहुल गांधी की इस आत्मीय मुलाकात से कांग्रेस जिलाध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर का पूरा परिवार गदगद नजर आया। जिलाध्यक्ष के भतीजे रोहित सिहाग ने बताया कि राहुल गांधी ने परिवार के हर सदस्य से बेहद सरल और स्नेहपूर्ण तरीके से बातचीत की। उन्होंने बच्चों की पढ़ाई के बारे में पूछा और परिवार के सामाजिक योगदान की जानकारी ली। रोहित ने कहा कि राहुल गांधी को नजदीक से देखने और उनसे बात करने के बाद यह एहसास हुआ कि वे एक बड़े ऊर्जावान, दूरदर्शी और परिपक्व नेता हैंए जो हर वर्ग को जोडऩे की क्षमता रखते हैं। इस मुलाकात में कांग्रेस जिला प्रधान ऋषिपाल हैबतपुर की पत्नी एवं पूर्व सरपंच जगवंती, भाई जगमोहन सिहाग, बेटा रितेश सिहाग तथा भतीजा रोहित सिहाग मौजूद रहे। राहुल गांधी ने सभी से व्यक्तिगत रूप से बातचीत की और संगठन को मजबूत करने में परिवारों की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताते हुए सहराना भी की। उन्होंने कहा कि राजनीति केवल मंच और भाषणों तक सीमित नहीं होनी चाहिए बल्कि यह परिवारए समाज और जमीन से जुड़े लोगों तक पहुंचनी चाहिए।

#### कार्यकर्ताओं में उत्साह

रिषिपाल हैबतपुर ने कहा कि राहुल गांधी से हुई इस प्रेरणादायक मुलाकात के बाद जींद जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नया जोश और उत्साह देखने को मिला है। प्रशिक्षण शिविर और राहुल गांधी के मार्गदर्शन से कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक मजबूती और आगामी रणनीति पर स्पष्ट दिशा मिली है। इस तरह के सीधे संवाद से पार्टी और जनता के बीच दूरी कम होगी तथा आने वाले समय में संगठन और अधिक मजबूत होकर उभरेगा।

---

# पुलिस ने नशा कारोबार में संलिप्त रहे लोगों पर कसा शिकंजा

- छह लोगों की दो करोड़ 39 लाख रुपये की संपत्ति को किया फ्रिज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

जिला पुलिस ने नशे के कारोबार में सलिप्त रहे लोगों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। पुलिस ने छह लोगों की दो करोड़ 39 लाख रुपये की संपत्ति को फ्रिज किया है। डीएसपी नरवाना कमलदीप राणा ने बताया कि नशा तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए नशा तस्करों द्वारा नशे के कारोबार से अर्जित की गई अवैध संपत्ति को अटैच करवाने के लिए संबंधित प्रबंधक अफसरों द्वारा निर्धारित प्राधिकरण दिल्ली को नशा तस्करों की अवैध संपत्ति की पहचान करके प्रपोजल भेजा गया था। जिसमें प्राधिकरण द्वारा इन नशा तसकरों की संपत्ति को फ्रिज किया गया है। प्राप्त हो तो बिना भय के पुलिस को सूचित करें।

#### इन तस्करों की संपत्ति फ्रिज



एसपी कुलदीप सिंह।

नशे के कारोबार में सलिप्त रहे लोगों में गांव दनौदा खुर्द निवासी पवन उर्फ समुंदर, गांव खरल निवासी अजय की 86500 रुपये व 76500 रुपये, गांव ढाकल निवासी सतीश कुमार द्वारा अपनी पत्नी हरप्रीत कौर के नाम की गई कुल दो करोड़ 45 हजार 276 रुपये, धमतान साहिब निवासी सुनीता की कुल नौ लाख 18 हजार रुपये, गांव कर्मगढ़ निवासी दलेल सिंह की करीब 27 लाख 51 हजार 304 रुपये की प्रोपर्टी अटैच की गई है। जिसमें आरोपितो व उनके परिवार के लोगों के नाम रजिस्ट्र व्हीकल, जमीन व बैंक बैलंस शामिल है।

---



राजौंद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य। फोटो :हरिभूमि

# आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल जाखौली के एनसीसी कैडेट्स का सराहनीय प्रदर्शन

**राजौंद।** आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल जाखौली के एनसीसी कैडेट्स ने विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया।विद्यालय के कुल 50 एनसीसी कैडेट्स ने हाल ही में आयोजित एनसीसी ए सर्टिफिकेट परीक्षा के अंतर्गत पेपर-ए लिखित परीक्ष एवं प्रायोगिक परीक्षा सफलतापूर्वक दी। परीक्षा के दौरान कैडेट्स ने अनुशासन आत्मविश्वास एवं पूर्ण तैयारी का परिचय दिया तथा एनसीसी के सभी नियमों व निर्देशों का पालन किया। विद्यालय में एनसीसी के माध्यम से विद्यार्थियों को शारीरिक दक्षता ड्रिल अनुशासन एवं राष्ट्रसेवा की भावना से निरंतर प्रशिक्षित किया जाता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा ने सभी कैडेट्स को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि एनसीसी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कैडेट्स के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिवार को अपने एनसीसी कैडेट्स पर गर्व है और आशा है कि वे आगे भी इसी प्रकार विद्यालय व देश का नाम रोशन करेंगे।

---

# जिला कारागार में लोक अदालत प्राधिकरण सचिव ने सुने वाद

- जिला कारागार में लोक अदालत का आयोजन, सात मामले विचाराधीन रखे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद



जींद। सुनवाई करते हुए सीजेएम मोनिका।

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूनम सुनेजा के निर्देश अनुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बुधवार को जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जेल अदालत में सात मामले विचाराधीन रखे गए। जिनमें से दो मामले का मौके पर ही निपटान किया गया। दो विचाराधीन बंदी को अंडरगोन किया गया तथा आदेश पारित किए गए कि अगर बंदी पर और कोई केस ना हो तो रिहा किया जाए। प्राधिकरण सचिव मोनिका ने जेल में रह रहे बंदियों से बातचीत कर उन्हें मुफ्त कानूनी सहायता व अपील के अधिकार से अवगत कराया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कैदियों में हवालतियों को उनके केसों में आ रही मुश्किलों को सुना व समस्याओं के समाधान संबंधी जानकारी दी। इसके अलावा प्राधिकरण सचिव ने जेल में बंद कैदियों से अपील की कि यदि किसी व्यक्ति को अपने केस की पैरवी करने के लिए वकील की जरूरत है तो वह मुफ्त कानूनी सेवाओं के लिए प्राधिकरण के कार्यालय में भेजनी होती हैं।

---

# कुरूक्षेत्र में मनाया जाएगा जाट धर्मशाला का वार्षिक उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ उचाना

23 जनवरी को कुरुक्षेत्र में जाट धमर्शाला का वार्षिक उत्सव एवं दीनबंधु सर छोटूराम की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के संयोजक मनोज चहल कोटड़ा ने बताया कि इस ऐतिहासिक आयोजन में समाज के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। सर छोटूराम का जीवन किसानों, मजदूरों और वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए समर्पित रहा है और उनके विचार आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को उनके संघर्ष और आदर्शों से प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे, जबकि महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज का विशेष आशीर्वाद प्राप्त होगा। अध्यक्षता राज्यसभा सांसद सुभाष बराला करेंगे। उन्होंने बताया कि कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी, कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल, पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा, स्वतंत्र समूह सेवा समिति के चेयरमैन प्रदीप मोर, समाजसेवी डॉ. जयभगवान शर्मा , भाजपा जिला अध्यक्ष तेजेंद्र सिंह खैरा आदि रहेंगे मौजूद।



संयोजक मनोज चहल कोटड़ा।

---

# सहजपाल कौर ने क्वान की डा प्रतियोगिता में पाया प्रथम स्थान, किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सीवन



सीवन। गांव खरका में सहजपाल कौर को सम्मानित करते सरपंच जोनी ग्रोवर व अन्य।

जम्मू में 16 से 18 जनवरी तक आयोजित राष्ट्रीय स्तर की क्वान की डा प्रतियोगिता में ब्लॉक सीवन के गांव खरकां की बेटी सहजपाल कौर ने राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया। उल्लेखनीय है कि क्वान की डा ताइक्वांडो खेल का हिस्सा होती है, जिसमें खिलाड़ी अपनी तकनीक, फुर्ती और कौशल का प्रदर्शन करते हैं। हरियाणा टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए सहजपाल कौर ने कैडेट वर्ग 35 किलोग्राम भार में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। कोच विक्रम कादियान ने बताया कि सहजपाल कौर हमेशा अनुशासित, मेहनती और लक्ष्य के प्रति समर्पित रही हैं। कठिन अभ्यास और आत्मविश्वास के कारण ही उन्होंने राष्ट्रीय मंच पर यह शानदार उपलब्धि हासिल की। स्वर्ण पदक जीतकर जब सहजपाल कौर अपने गांव खरकां पहुंचीं, तो ग्राम पंचायत और ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। ग्राम पंचायत की ओर से सरपंच जोनी ग्रोवर ने सहजपाल कौर को 11,000 का चेक भेंट किया और शील्ड देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सहजपाल ने यह साबित कर दिया कि गांव की बेटियां राष्ट्रीय मंच पर भी अपनी पहचान बना सकती हैं। इस अवसर पर फूला राम ने सहजपाल कौर की सराहना करते हुए कहा कि उसकी मेहनत और लगन युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा है।

---



नरवाना। निरीक्षण करते हुए डीएसपी। फोटो :हरिभूमि

### डीएसपी ने गुरु रविदास जयंती की तैयारियों को देखा

**नरवाना।** गुरु रविदास जयंती के अवसर पर वीरवार को आयोजित होने वाले भव्य कार्यक्रम से पूर्व मंगलवार को डीएसपी कमलदीप राणा अम्बेडकर भवन नरवाना पहुंचे और कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएसपी कमलदीप राणा ने आयोजन से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लिया और उपस्थित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। प्रधान वीरेंद्र सिंह चोपड़ा, उप प्रधान फूलकुमार, पोलूराम पूनिया, दारा सिंह, अमित मुवाल सहित सभा के कई सदस्य मौजूद रहे। वीरवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की जयंती के अवसर पर अम्बेडकर भवन में महान संत समागम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान डेरा सिरसगढ़ से महान संत मंदीप दास महाराज अनेकों संतों के साथ पहुंचकर गुरु रविदास जी महाराज की अमृतवाणी का गुणगान करेंगे। कार्यक्रम में विभिन्न गांवों की संगतें एवं महिलाएं भजन कीर्तन करते हुए पहुंचेंगी। पूरे अंबेडकर भवन को विशेष सजावट से सजाया जाएगा।

---

### डीसी ने ली राजस्व विभाग से जुड़े अधिकारियों की बैठक

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने कहा कि राजस्व विभाग में कई सेवाएं आमजन से सीधी जुड़ी हुई हैं। विभाग के अधिकारी इन सेवाओं के लिए आमजन के लंबित आवेदनों को जल्द से जल्द निपटाएं। यदि किसी कार्य में विधायी या तकनीकी परेशानी है तो उसके बारे में विभाग मुख्यालय को अवगत कराकर उसका समाधान करवाएं। डीसी अपराजिता बुधवार को राजस्व विभाग की विभिन्न योजनाओं व सेवाओं को लेकर अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहीं थीं। बैठक में एसडीएम कैथल गुरविंद्र सिंह, एसडीएम कलायत अजय हुड्डा, एसडीएम गुहला कैप्टन परमेश सिंह सहित जिला राजस्व अधिकारी चंद्रमोहन की अगुवाई में सभी तहसीलदार व नायब तहसीलदार मौजूद रहे। डीसी ने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सरकार की हिदायतों अनुसार शनिवार को इंतकाल निपटाने के लिए आयोजित किए जा रहे शिविरों में सक्रियता से लंबित मामलों को निपटाएं।

**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

---

### जिला विज्ञान विशेषज्ञ सुशील शर्मा ने दी मिशन से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी

# मिशन बुनियाद कार्यक्रम प्रवेश परीक्षा का परिणाम हुआ घोषित

**लेवल 2 के लिए 30 जनवरी को होगी परीक्षा**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कलायत



कलायत। केंद्र पर परीक्षा देते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

मिशन बुनियाद कार्यक्रम तेजी से विद्यार्थियों व अभिभावकों की पंसद बनता जा रहा है। इसकी झलक सत्र 2026-28 में देखी जा सकती है। मिशन बुनियाद कार्यक्रम की प्रवेश परीक्षा लेवल-1 का आयोजन 26 दिसंबर 2025 को प्रदेश भर में किया गया। इसमें लगभग 74,000 विद्यार्थियों ने भाग लिया। अब परीक्षा के परिणामस्वरूप प्रदेश स्तर पर 26,660 विद्यार्थियों का चयन अगले चरण के लिए किया गया है। कैथल जिले से कुल 1602 विद्यार्थियों ने लेवल-1 परीक्षा उत्तीर्ण की है। लेवल-1 में चयनित विद्यार्थियों के लिए अब लेवल-2 की परीक्षा 30 जनवरी 2026 को आयोजित की जाएगी। लेवल-2 के प्रवेश पत्र 20 जनवरी 2026 से डाउनलोड किए जा सकेंगे। लेवल-2 में सफल होने वाले विद्यार्थियों को लेवल-3 में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

#### समान शिक्षा की राह तैयार करने का प्रयास

*जिला विज्ञान विशेषज्ञ सुशील शर्मा ने बताया कि मिशन बुनियाद कार्यक्रम की शुरुआत वर्ष 2022 में हरियाणा सरकार द्वारा सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों की शैक्षणिक बुनियाद को सुदृढ़ करने एवं उनमें प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित करने के उद्देश्य से की गई थी। इस कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य विद्यार्थियों को भविष्य की सभी प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना है।*

#### इस प्रकार चलती है मिशन बुनियाद की पढ़ाई

*मिशन बुनियाद एक अनूठा एवं तकनीक आधारित शैक्षणिक मॉडल है। जिसमें विद्यार्थी डिजिटल/सैटेलाइट क्लासरूम के माध्यम से शिक्षकों से सीधे जुड़ते हैं। प्रश्न पूछते हैं एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करते हैं। इस व्यवस्था के अंतर्गत प्रदेश के 103 केंद्रों पर अध्ययनरत विद्यार्थी एक साथ पढ़ते हैं। जिससे राज्य-स्तरीय प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है।*

#### इन चार जिलों में शुरू होंगे रेजिडेंशियल केंद्र

वर्ष 2026 से मिशन बुनियाद का रेजिडेंशियल (होस्टल) कार्यक्रम भी प्रारंभ किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश के चार जिलों में रेजिडेंशियल केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इनके माध्यम से पूरे प्रदेश से मिशन बुनियाद के लगभग 400 चयनित विद्यार्थियों को छात्रावास में रखकर अधिक गहन, अनुशासित एवं केंद्रित तैयारी कराई जाएगी। इसमें कुरुक्षेत्र, हिसार, पानीपत व गुरुग्राम शामिल है।